उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

निकट– महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।
(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

पत्रांकः–290 / गोपन / 2026–27 दिनांकः 13 नवम्बर, 2026

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–70 / उ0अ0से0च0आ0 / 2025 दिनांक 09 अप्रैल, 2025 में स्नातक स्तरीय अर्हता के पदों के अंतर्गत विभिन्न पदों की सापेक्ष अभिलेख सन्निरीक्षा व अभ्यर्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन में भरे गये आवेदित पद के आधार पर पदनाम–वैयक्तिक सहायक के टंकण व आशुलेखन परीक्षा तथा सहायक समीक्षा अधिकारी के पदों की टंकण परीक्षा हेतु अर्ह पाए अभ्यर्थियों के अनुक्रमांकों की सूची विज्ञप्ति संख्या 278, दिनांक 28 अक्टूबर, 2026 के माध्यम से आयोग की वैबसाइट पर जारी की गयी तथा दिनांक 15 नवम्बर, 2026 को टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा आयोजित किये जाने का उल्लेख किया गया था।

अवगत कराना है कि उक्त पदों की दिनांक 15 नवम्बर, 2026 को आयोजित की जाने वाली टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाती है। टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा की नवीन तिथि एवं प्रवेश–पत्र जारी किये जाने की तिथि शीघ्र ही आयोग की बेवसाइट पर जारी की जायेगी।

(एन0 एस0 डुंगरियाल)
सचिव।